दैनिक

# नज़रिया खबर

*भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त*



पेज-04

RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्षः17 | अंकः 347 | देहरादून, सोमवार 16 जून, 2025 | पृष्ठः08 | मूल्यः1/रु. प्रति


## न्यूज डायरी

### केंद्रीय गृहमंत्री ने सीएम से केदारनाथ हेली दुर्घटना की जानकारी ली

**देहरादून।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर केदारनाथ हेली दुर्घटना की जानकारी ली और केंद्र से हर संभव सहयोग के प्रति आश्वस्त किया।



### राज्यपाल ने हेलिकॉप्टर क्रैश में हताहत लोगों के प्रति दुख व्यक्त किया

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में हेलिकॉप्टर क्रैश में हताहत हुए लोगों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है।



### त्रिस्तरीय पंचायत चुनावरू आरक्षण पर कुल 213 आपत्तियाँ प्राप्त

**चमोली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तहत जनपद में विभिन्न पदों पर आरक्षण सूची जारी होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा आरक्षण को लेकर आपत्तियाँ मांगी गई थीं। अंतिम तिथि 15 जून तक कुल 213 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरक्षण को लेकर प्रधान पद पर सर्वाधिक 102 आपत्तियाँ दर्ज की गई हैं। इसके अलावा बीडीसी (क्षेत्र पंचायत सदस्य) पद पर 69, जिला पंचायत सदस्य पद पर 29 और ब्लॉक प्रमुख पद पर 13 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त सभी आपत्तियों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार निस्तारण 17 जून तक किया जाएगा।

# गौरीकुंड के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, सात की मौत

## श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास हुआ क्रैश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। रविवार को सुबह–सुबह केदारनाथ रूट पर श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलीकॉप्टर गौरीकुंड के पास क्रैश हो गया। हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। दर्दनाक हादसे में सातों लोगों की मौत हो गई, मृतकों में 23 महीने का बच्चा भी शामिल है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमों को मौके के लिए रवाना किया गया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह आर्यन कंपनी का हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। गौरीकुंड क्षेत्र में यह हादसा हुआ है। घटना सुबह 5.20 बजे की बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर नोडल अधिकारी राहुल चौबे और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की पुष्टि की है। गौरीकुंड के ऊपर घास काट रही नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना दी।

जानकारी के अनुसार, दर्दनाक हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। एक दंपती और उनका 23 महीने का बच्चा भी शामिल है, जयसवाल परिवार महाराष्ट्र का बताया जा रहा है। दो लोग स्थानीय है, विनोद नेगी और विक्रम सिंह रावत शामिल हैं। विक्रम सिंह रावत बीकेटीसी के कर्मचारी थे। मृतकों में राजकुमार जयसवाल, श्रद्धा जयसवाल, काशी जयसवाल, तुष्टि सिंह, विनोद, विक्रम सिंह और कैप्टन राजीव शामिल हैं। शवों के बुरी तरह से जले होने की सूचना है।

बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है। हेलिकॉप्टर हादसे पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुख जताया है।




शवों को निकालते एनडीआरएफ के जवान।



जनपद रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुःखद समाचार प्राप्त हुआ है। एसडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन एवं अन्य रेस्क्यू दल राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे हैं। बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।
**–मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी**

## पीएम मोदी ने सीएम को केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दुखद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने प्रधानमंत्री को अवगत कराया कि घटना के बाद तत्काल उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई है। दुर्घटना के कारणों की गहन जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, बेहतर समन्वय और त्वरित कार्रवाई के लिए कमांड एंड कॉर्डिनेशन सेंटर की स्थापना की जाएगी।



# भू कानून का दिख रहा असर सुखद, विपक्ष हैरान, माफियाओं में बेचैनीः मनवीर चौहान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश मे लागू सख्त भू कानून का असर दिखने लगा है और नियमों का उल्लंघन कर माफियाओं द्वारा अर्जित हजारों बीघा जमीन का राज्य सरकार में निहित होना इसका प्रमाण है।

उन्होंने इस कार्यवाही को सुखद बताते हुए कहा कि यह निर्णय उन लोगों के लिए स्पष्ट संदेश है, जिन्होंने अवैध तरीके से नियमों का उल्लंघन कर भूमि की खरीद फरोख्त की है और उनके लिए नियम तोड़ना आसान नही होगा। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अभी राजधानी क्षेत्र मे 900 बीघा जमींन राज्य सरकार मे निहित की गयी है और अन्य पर जांच जारी है जो कि एक बड़ी संख्या के रूप मे सामने आयेगी। उन्होंने कहा कि पर्वतीय जिलों मे कृषि भूमि खरीद पर रोक लगायी गयी है और उन मामलों पर जाँच चल रही है जिन्होंने नियमों के विपरीत खरीद फरोख्त की है। जिलाधिकारियों को सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से स्पष्ट निर्देश जांच के बाबत दिये गए हैं।



मनवीर सिंह चौहान

चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेशवासियों के संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। लिहाजा उन पर कब्जा करने या छेड़छाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। जनभावनाओं के अनुरूप मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी कठोरतम भूकानून बना तो अब उसके धरातलीय क्रियान्वयन हो रहा है। जहां जहां भी भूमि पर अवैध कब्जों, नियमों का उल्लंघन कर जमीन खरीदने या भूमि क्रय के उद्देश्यों के विपरीत उपयोग करने की शिकायतें आई हैं।

उस पर प्रशासन द्वारा तत्काल जांच कर, उचित वैधानिक कार्यवाही से सरकार में निहित किया जा रहा है। जिस तरह सरकार, अवैध भू संपत्तियों को लेकर ऐतिहासिक कार्रवाई कर रही, उससे स्पष्ट है कि प्रदेश की एक एक इंच भूमि के सुरक्षित और संरक्षित होना तय है। चौहान ने कहा कि अवैध खरीद फरोख्त के जरिये अर्जित जमीनों पर कार्यवाही से जनता मे उत्साह है। धामी सरकार के इस निर्णय के धरातल मे उतरने से जनता राज्य की बदलती डेमोग्राफी पर पूरी तरह से रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर तमाम संशय और दुष्प्रचार मे लगे विपक्षी भी कार्यवाही से हैरान और परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और संरक्षण लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

16 June 2025_Copy of Layout 1 6/16/2025 3:53 PM Page 2



# संपादकीय

## तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर साधा निशाना

मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजद नेता ने कहा कि हम मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे बिहार में आधिकारिक तौर पर दामाद आयोग का गठन करें। नियुक्तियाँ अब योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर होती हैं। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि एनडीए नेताओं और कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाहों के रिश्तेदारों को हाल ही में राज्य महिला आयोग सहित विभिन्न राज्य आयोगों के अध्यक्ष और सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। कई आयोगों के गठन और विभिन्न पदों पर नियुक्तियों पर व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए तेजस्वी ने कहा कि अब नीतीश कुमार सरकार को राजनीतिक नेताओं के करीबी रिश्तेदारों को समायोजित करने के लिए 'जमाई आयोग' (दामाद आयोग) बनाना चाहिए। क्या यह भाई–भतीजावाद का स्पष्ट उदाहरण नहीं है? मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राजद नेता ने कहा कि हम मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे बिहार में आधिकारिक तौर पर दामाद आयोग का गठन करें। नियुक्तियाँ अब योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर होती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिवंगत रामविलास पासवान, जीतन राम मांझी और अशोक चौधरी जैसे राजनीतिक हस्तियों के दामादों को विभिन्न आयोगों में महत्वपूर्ण पद दिए गए हैं। तेजस्वी ने मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक प्रसाद की पत्नी को महिला आयोग का सदस्य बनाए जाने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, ष्उन्हें शिक्षाविद् के पद पर नियुक्त किया गया है। क्या कोई और नहीं मिला? चौंकाने वाली बात यह है कि उन्होंने अपने पति का नाम भी छिपाया और अपने पिता का नाम दर्ज करा दिया।ष उन्होंने दावा किया कि राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार में उपमुख्यमंत्री समेत 50 प्रतिशत से अधिक मंत्री वंशवादी राजनीति की उपज हैं। फिर भी, लालू प्रसाद की अक्सर वंशवादी राजनीति को बढ़ावा देने के लिए आलोचना की जाती है।

# पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए: मंत्री गणेश जोशी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित विकसित भारत के अमृत काल के दौरान पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार द्वारा सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के तहत विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन मसूरी विधानसभा क्षेत्र के शहीद दुर्गामल मंडल एवं श्रीदेव सुमन नगर मण्डल में किया गया।



विकसित भारत संकल्प सभा का शुभारंभ करते कृषि मंत्री गणेश जोशी।

देहरादून में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भारत सैन्य हथियारों का आयात करता था जबकि अब समय ऐसा है कि हम सैनिक हथियारों के निर्यातक के तौर पर लगातार उभर रहे हैं। डिजिटल पेमेंट पर भी भारत अग्रणी है और अब देश के प्रत्येक युवा, महिला, बुजुर्ग के हाथ में डिजिटल पेमेंट यूपीआई जैसी अहम जिम्मेदारी को स्वयं संभाले हुए हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि धारा 370 और 35ए को हटाने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि जब केंद्र सरकार यह बड़ा फैसला को लेने जा रही थी तो विपक्षी बोलते थे कि खून की नदियां बह जाएंगे किंतु एक चिड़िया तक नहीं उड़ी। उन्होंने कहा कि भारत ने अपने अर्थव्यवस्था में काफी उछाल प्राप्त की है। कृषि मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में लखपति दीदी बनाने का काम लगातार जारी है, 1.65 लाख के लक्ष्य को पूर्ण करते हुए हम लोग आगे बढ़ रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में उत्तराखंड की भाजपा सरकार प्रदेशहित के लिए काफी अच्छा काम कर रही है। कार्यक्रम में राज्य मंत्री कैलाश पंत ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भाजपा अत्यधिक अनुशासित पार्टी है और कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। मोदी जी के 11 वर्षों के विभिन्न कार्यों को उन्होंने ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने युवा, किसान, शिक्षा, सैनिक क्षेत्र में भूतपूर्व कार्य किए हैं। राज्यमंत्री विनय रोहिला ने कहा कि पीएम मोदी के 11 वर्षों में देश को इतना मजबूत किया है कि आज भारत विश्व पटल पर सबसे अग्रिम और ऊंचे स्थान पर है।

# नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है



**आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर, अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें-आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें**

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है,परंतु हर जीव की आंखें एक ऐसा कुदरत का दिया हुआ अनमोल गिफ्ट है, जिससे पूरी खूबसूरत दुनियाँ को सभी जीव देख सकते हैं, खास करके विशेष अद्भुत बुद्धिजीवी मानव योनि के लिए आंखें तो मानो एक खूबसूरत अद्भुत अंग है जिसके द्वारा वह जीते जी तो अपने परिवार साथियों सहित पूरी दुनियाँ को तो देख सकता है परंतु वह चाहे तो मृत्यु के बाद भी अपनी इन दोनों खूबसूरत आंखों से पूरी दुनियाँ को देख सकता है,बस फर्क केवल इतना है, अपना शरीर त्यागने के बाद वह दूसरे के शरीर से खूबसूरत दुनियाँ को देख सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 10 जून 2025 को विश्व नेत्रदान दिवस है, इसलिए हमें समझना होगा कि,आँखों और दृष्टि का हमारें जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसके जीने का कोई मतलब ही नहीं होता और उसे प्रत्येक कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे तो सभी आंखों के महत्व को समझते हैं और इसीलिए इसकी सुरक्षा भी सभी बड़े पैमाने पर करते हैं। हममें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं।आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती हैं बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं। लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण, ऑय डोनेशन नहीं करते। उनका मानना है कि अगले जन्म में वे नेत्रहीन ना पैदा हो जाएं? इस अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। सभी लोगोंको इस बात को समझना होगा और नेत्रदान अवश्य करना चाहिए।हमारा एक सही फैसला लोगों के जिंदगी में उजाला ला सकता हैं।चूँकि नेत्रदान महादान है व नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें, आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

साथियों बात अगर हम भारत में दृष्टिहीन या नेत्रहीन बांधवों का कॉर्नय प्रत्यर्पण कर 1 वर्ष में ही भारत को अंधत्व मुक्त भारत बनाने में सहयोग की करें तो, एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं, आकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है, अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आंखें मिल जाएंगी, मगर लोग नेत्रदान करते नहीं हैं और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती हैं,कोरोना काल में तो नेत्रदान की संख्या और कम हो गई थी,खतरा केवल यही नहीं है, अपनी लापरवाही के कारण दुनियाँ धीरे–धीरे अंधत्व की तरफ बढ़ रहीहै,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद कॉर्निया की बीमारियां (आंखों की अगली परत कार्नियाका क्षतिग्रस्त होना) आंखों की रोशनी जाने की प्रमुख वजहें हैं,अंधत्व की समस्या से गुजर रहे 92.9 पेर्सेंट लोगों को अंधा होने से बचाया जा सकता है,इसे प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी रोका जा सकने वाला अंधत्व भी कहा जाता है,लेकिन मानवीय आदतों,जरूरत होनेपर भी आंखों का चश्मा नहीं लगाना, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवाना और ग्लूकोमा की समय–समय पर जांच नहीं करवाने, कंप्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा काम करने से अधिकांश लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है, बदलती लाइफस्टाइल, अनियमितदिनचर्या प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस होने की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं,ऑन लाइन क्लासेस और कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से बच्चों और युवाओं की आंखों में सूखेपन की समस्या बढ़ी है। आज देश के कई नेत्रहीनों को हमारी आंखें नई रोशनी दे सकती हैं,मगर इसके लिए सबसे पहले हमें जीवित रहते हुए अपनी आंखों और उनकी रोशनी का ध्यान रखना और मृत्यु उपरांत नेत्रदान करना जरूरी है, जिस तरह से हमारी दिनचर्या बिगड़ रही हैं, हमें अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ कार्य जरूर करना चाहिए जैसे, अच्छी दृष्टि के लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, फलियों एवं गाजर को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें, आंखों की सुरक्षा के जतन करें, आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं। साथियों बात अगर हम नेत्रदान के प्रति भारतीय समाज में भ्रांति की करें तो,इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि भारत में नेत्रदान न करने के पीछे कोई सांस्कृतिक या धार्मिक कारण नहीं हैं, बल्कि गलत सूचना और दान किए गए ऊतक के उचित उपयोग न होने के कारण अधिक हैं, नेत्रदान को लेकर कई सारे मिथक हैं जिन्हें तोड़ने की जरूरत है. कई लोग मानते हैं कि नेत्रदान करने से अगले जन्म में नेत्रहीन पैदा होंगे, धर्म नेत्रदान की अनुमति नहीं देता है, नेत्रदान से शरीर विकृत हो जाता है, नेत्रदान के दौरान मृतक की पूरी आंखें निकाल ली जाती हैं और आंखों की जगह गड्ढे बन जाते हैं, आदि आदि,इन धारणाओं का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है,यह समझना बेहद जरूरी है कि नेत्रदान के लिए आंखें नहीं निकाली जाती हैं, सिर्फ आगे की पुतली यानी कार्निया निकाला जाता है जिससे मृतक का चेहरा देखने में बुरा नहीं लगता।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करेंतो,हम पाएंगे कि विश्व नेत्रदानदिवस 10 जून 2025 पर विशेष–नेत्रदान महादान ,नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है।आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर,अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें–आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

16 June 2025_Copy of Layout 1 6/16/2025 3:53 PM Page 3



# सीएम ने 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को एम.के.पी कॉलेज, देहरादून में आयोजित 'रन फॉर योगा' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवाओं, बुजुर्गों महिलाओं को भी योग के प्रति जागरूक करने के लिए गांधी पार्क से एम.के.पी कॉलेज तक पैदल मार्च भी किया।

मुख्यमंत्री ने सभी से आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा हमें मिलकर प्राचीन योग सभ्यता को जन जन तक पहुंचाना है। ऋषि मुनियों ने योग के माध्यम से शरीर, आत्मा और मन को एकीकृत करने की अद्भुत विद्या विकसित की है। योग संपूर्ण विश्व के लिए एक संजीवनी का कार्य करता है। योग से जीवन स्वस्थ और अनुशासित बनता है। आज दुनिया योग के प्रति आकर्षित हो रही है।




रन फॉर योगा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा योग को दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर और मन को स्वस्थ रखने के साथ ही समाज में भी सकारात्मकता लाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे पूरे विश्व ने अपनाया था। कहा उत्तराखंड योग, आयुष और अध्यात्म की भूमि है। राज्य सरकार, उत्तराखंड को योग और वेलनेस टूरिज्म का वैश्विक हब बनाने पर कार्य कर रही है । राज्य सरकार ने हाल ही में नई योग नीति को मंजूरी दी है। जिसके अंतर्गत राज्य में योग और ध्यान केंद्र विकसित करने पर अधिकतम 20 लाख तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पहले से संचालित हो रहे योग केंद्रों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख तक का भी अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में योग और वेलनेस की अपार संभावनाएं हैं, जिस पर राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सभी से अनुशासित और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर विधायक खजान दास, भरत चौधरी, उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय खेल परिषद हेमराज बिष्ट, विजय कुमार जोगदंडे, प्रदीप जैन, जितेंद्र नेगी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## मौसेरे मामा ने किया नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रपुर।** जिला मुख्यालय रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में रिश्ते को शर्मसार करने वाले मौसेरे मामा पर अपनी 13 साल की भांजी को हवस का शिकार बनाने का आरोप लगा है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता के पिता ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में पीड़िता पिता ने आरोप लगाया था कि बीते दिनों वह अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए हॉस्पिटल गए थे। इस दौरान उसकी दो नाबालिग बेटी भी साथ में अस्पताल आई थी। आरोप है कि 9 जून की रात को 13 वर्षीय बड़ी बेटी अपनी छोटी बहन के साथ ऊपर वाले कमरे में सो रही थी। इसी दौरान पीड़िता का मौसेरा मामा जिसकी उम्र करीब 30 साल है, उसने नाबालिग का मुंह दबाया और फिर मुंह पर कपड़ा बांधकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

# रोशिमता होजोई मौत मामले में सीएम धामी ने असम सीएम को दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** इन दिनों उत्तराखंड से लेकर असम तक रोशिमता होजोई की संदेहास्पद परिस्थितियों में ऋषिकेश में हुई मौत की चर्चा है।

असम के लोगों ने इस घटना को लेकर आक्रोश है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और सांसद गौरव गोगोई ने भी उत्तराखंड के सीएम धामी को पत्र लिखकर रोशिमता होजोई की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की तेज और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सीएम धामी ने असम के सीएम को उनके पत्र का जवाब दिया उन्होंने कहा कि उन्होंने राज्य के डीजीपी को पूरे मामले की गहन और विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। असम के सीएम के साथ ही वहां के कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के उपनेता गौरव गोगोई ने भी उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर इस संदेहास्पद मौत की शीघ्र निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। बताते चलें कि असम की रोशिमता होजोई 5 जून को रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की परीक्षा देने के लिए दिल्ली गई थीं। कथित तौर पर वो उसी दिन लापता हो गईं थी। बाद में उनका शव 10 जून को उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले में गंगा नदी के तट पर मिला था। जानकारी के मुताबिक, रोशिमता होजोई 6 जून को ऋषिकेश आई थी। 10 जून को उसकी लाश ऋषिकेश के पास गंगा से मिली थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रोशिमता के साथ उनका एक दोस्त हेमंत वर्मा और पंकज भी थे।

# राजभवन में तैनात कार्मिकों के लिए परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजभवन, नैनीताल में शनिवार को राजभवन में तैनात समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों हेतु परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस परिवार मिलन कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने कार्मिकों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की और हालचाल जाना। इस दौरान राज्यपाल ने राजभवन में कई वर्षों से सेवाएं दे रहे कार्मिकों को सम्मानित किया और उनके समर्पण एवं कार्यनिष्ठा की सराहना की।



राजभवन में तैनात कार्मिकों के परिजनों से मुलाकात करते सीएम।

राज्यपाल ने कहा कि राजभवन में कार्यरत समस्त अधिकारी और कर्मचारी केवल कार्मिक नहीं, बल्कि एक परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या मेरी अपनी समस्या है, जिसका समाधान मेरी प्राथमिकता है। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन नैनीताल ने हाल ही में 125 वर्ष पूरे किए हैं और आज भी इसकी भव्यता, गरिमा और सुंदरता जीवंत है। इसके संरक्षण और रखरखाव के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। अपने संबोधन में राज्यपाल ने सभी कार्मिकों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि राजभवन जैसी गरिमामयी संस्था में लापरवाही या शिथिलता के लिए कोई स्थान नहीं है।

# आईटीबीपी के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को झंडी दिखाकर मुख्यमंत्री ने किया रवाना

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान–2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर




हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को झंडी दिखाकर रवाना करते सीएम।

आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल, वर्ष 1962 से लगातार देश की सीमाओं की रक्षा के साथ–साथ आपदाओं के समय भी राहत व बचाव कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सशस्त्र बलों के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से भारत ने एक बार फिर साबित किया कि देश की सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है।

16 June 2025_Copy of Layout 1 6/16/2025 3:53 PM Page 4



# सीएम ने रुद्रप्रयाग हेलीकॉप्टर दुर्घटना के जांच के दिए आदेश

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोमवार तक चार धाम के लिए हेली सेवा पूर्ण रूप से बंद रहेगी। चार धाम में लगे सभी हेली ऑपरेटरों एवं पायलटों के उच्च हिमालय क्षेत्रों में उड़ान अनुभवों की जांच होगी एवं सभी हेली ऑपरेटरों के साथ बैठक के बाद ही पुनः हेली सेवा को सुचारु किया जाएगा।

राज्य में अब हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय और सुरक्षित संचालन के लिए देहरादून में एक कॉमन "कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर" की स्थापना की जाएगी, जिसमें डीजीसीए, आपदा विभाग, सिविल एविएशन, यूकाडा, हेली आपरेटर कम्पनी के अधिकारियों की तैनाती होगी। यह निर्देश मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई बैठक के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने सचिव गृह उत्तराखंड की अध्यक्षता में एक समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। जिसमें डीजीसीए, यूकाडा, नागरिक उड्डयन विभाग भारत सरकार, एटीसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में रहेंगे। यह



सीएम पुष्कर सिंह धामी बैठक लेते हुए।

समिति जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मानक प्रचालन नियमावली का प्रारूप बनाएगी। समिति अपनी रिपोर्ट सितंबर माह से पूर्व प्रस्तुत करेगी।

मुख्यमंत्री ने आगामी समय के लिए प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एडमिनिस्ट्रेटिव एंड टेक्निकल एसओपी तैयार किए जाने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने रुद्रप्रयाग में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के संबंध में उच्च स्तरीय जांच के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा आम जन के जीवन की रक्षा करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। किसी भी कीमत में जिंदगियों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हीं पायलटों को अनुमति दी जाएगी जिनका उच्च हिमालय क्षेत्रों में हेली उड़ाने का दीर्घकालीन अनुभव होगा। उन्होंने कहा डीजीसीए द्वारा निर्धारित गाइडलाइन को और सख्त

### लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

बनाया जाए, जिसका अनुपालन शत प्रतिशत किया जाए। मुख्यमंत्री ने हिमालय क्षेत्रों में अधिक संख्या में मौसम पूर्वानुमान के अत्याधुनिक उपकरण लगाने के भी निर्देश दिए, जिससे मौसम की और सटीक जानकारी प्राप्त की जा सके। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग को दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से संपर्क कर उनके पार्थिव शरीर को संबंधित राज्यों में भेजने की समुचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव नागरिक उड्डयन समीर कुमार सिन्हा, डीजीसीए के महानिदेशक फैज अहमद किदवई, सचिव शैलेश बगोली, सचिव सचिन कुर्वे, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, सीईओ युकाडा सोनिका, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) के अधिकारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर सीएम के सख्त निर्देश–राज्य में बनेगी सख्त एसओपी

**देहरादून।** राज्य में हाल में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेलीकॉप्टर संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हेली सेवाओं के संचालन के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाए, जिसमें हेलीकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन की सभी तकनीकी व सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एसओपी तैयार करेगी। यह समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाओं का संचालन पूरी तरह से सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुसार हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है।

# ग्रामीणों ने भू-माफिया का जंगल से कब्जा हटाया, डीएफओ, रेंजर व फारेस्टर को सस्पेंड करने की मांग

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजधानी देहरादून में भूमाफियाओं के हौंसले कितने बुलंद हो चुके है इसकी बानगी नालापानी क्षेत्र के जंगल में सामने आयी है।

यहां भूमाफिया द्वारा जगंल के बीचोबीच निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया हालांकि मामले की जानकारी मिलने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग व पुलिस की मौजूदगी में अवैध रूप से हुए इस कब्जे को हटा दिया गया। ग्रामीणों की मांग है कि क्षेत्र के डीएफओ, रेंजर व फारेस्ट गार्ड की मांमले में मिली भगत है इसलिए उनको संस्पेड किया जाये।

बता दें कि नालापानी क्षेत्र के खंलगा मार्ग पर हल्दूआम के पास जंगल में 40 बीघा जमीन पर भूमाफिया द्वारा कैंप लगाने की तैयारी शुरू कर दी गयी थी। जबकि मामले में वन विभाग बेखबर था। मामले की जानकारी जब ग्रामीणो को हुई तो उन्होने इसका विरोध करना शुरू कर दिया और वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसने कोई कार्यवाही नहीं की।

इस बात से गुस्साये ग्रामीण शनिवार की सुबह एकत्र हुए और उन्होने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कब्जे वाली जगह पर धावा बोल दिया। मामले की जानकारी मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और उन्होने ग्रामीणों को समझाया। लेकिन ग्रामीणों ने उनकी एक न सुनते हुए सारे अवैध अतिक्रमण को धराशाही कर के ही दम लिया।

# हैली सेवा के नाम पर तीर्थ यात्रियों के जीवन से खेल रही सरकारः माहरा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड कांग्रेस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने केदारनाथ घाटी में बीते 40 दिनों में पांचवीं हेलीकॉप्टर दुर्घटना पर भारी दुःख व्यक्त करते हुए गहरी चिंता एवं क्षोभ व्यक्त किया है।

केदारघाटी में लगातार हो रहे हेलीकॉप्टर हादसे केवल हादसा नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही और संवेदनहीनता के प्रतीक हैं। करन माहरा ने चारधाम यात्रा में लगातार हो रहे हैलीकॉप्टर हादसों के लिए राज्य सरकार की कार्यप्रणाली को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाएं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलाई जाती हैं, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा हैली सेवाओं के संचालन में सुरक्षा के सभी मानकों को ताक पर रखा जा रहा है। राज्य सरकार का



करन माहरा

एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम पूरी तरह फेल है तथा खराब मौसम में भी उड़ानों की अनुमति देकर यात्रियों की जिंदगी से खेला जा रहा है।

पायलट और यात्रियों की सुरक्षा के लिए सरकार की कोई मानक व्यवस्था नहीं है। हर हादसे के बाद सरकार एक ''रूटीन जांच समिति'' बनाकर मामले को दबा देती है, लेकिन जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रद्धालुओं की जान की कोई कीमत इस सरकार के लिए नहीं रह गई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि केदारनाथ घाटी में लगातार हो रहे हेलीकॉप्टर हादसे सिर्फ तकनीकी चूक नहीं हैं, अपितु ये सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा से समझौता करने का नतीजा हैं। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से मांग की कि चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर संचालन की स्वतंत्र उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। दुर्घटना के लिए हेलीकॉप्टर कंपनियों की जिम्मेदारी तय की जाए। सरकार की ओर से मौसम, तकनीक और पायलट ट्रेनिंग के मुद्दों पर सख्त दिशा–निर्देश जारी हों। हेलीकॉप्टर सेवाओं को नियमित करने के लिए स्थायी ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की दुरुस्त व्यवस्था की जाए।

# बीकेटीसी कर्मचारी संघ ने केदारनाथ हैलीकॉप्टर दुर्घटना के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी

**बदरीनाथ (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी आ रहे हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मंदिर समिति कर्मचारी सहित सात लोगों की मृत्यु तथा अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे में दिवंगतजनों की आत्म शांति हेतु श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति कर्मचारी संघ की ओर से बदरीनाथ मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में शोक सभा आयोजित हुई।

दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु भगवान बदरीविशाल से प्रार्थना की गयी तथा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि व्यक्त की गयी। बीकेटीसी



श्रद्धांजलि अर्पित करते बीकेटीसी कर्मचारी।

मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि आज रविवार को केदारनाथ हैलीकॉप्टर दुर्घटना में मंदिर समिति में स्थिर वेतन पर कार्यरत रांसी निवासी विक्रम सिंह रावत (47) के असामयिक निधन पर मंदिर समिति के बदरीनाथ,केदारनाथ कार्यालय, उखीमठ,जोशीमठ एवं देहरादून सहित सभी विश्राम गृहों कार्यालयों में शोक व्यक्त किया गया तथा सभी अधिकारियों कर्मचारियों शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बदरीनाथ में आयोजित शोक सभा में बीकेटीसी कर्मचारी संघ सचिव भूपेन्द्र सिंह रावत सहित गिरीश रावत, विवेक थपलियाल जगमोहन बर्त्वाल, संतोष तिवारी, डा. हरीश गौड़, केदार सिंह रावत,संदेश मेहता, संजय तिवारी,अवतार सिंह, नरेंद्र खाती,अजय सती, प्रदीप राणा,दीपक जुगराण,महावीर रावत, दिनेश कोठियाल, आदि मौजूद रहे। वहीं बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, प्रभारी अधिकारी विपिन तिवारी मुख्य प्रभारी अधिकारी केदारनाथ अनिल ध्यानी, विधि अधिकारी एसएस बर्त्वाल, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चौहान, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, डीएस भुजवाण,रमेश नेगी बीकेटीसी कर्मचारी सघ अध्यक्ष विजेंद्र बिष्ट, उपाध्यक्ष रविंद्र भट्ट, प्रदीप सेमवाल अरविंद शुक्ला,भगवती सेमवाल, उपाध्यक्ष पारेश्वर त्रिवेदी, प्रकाश पुरोहित ने दिवंगत आत्माओं के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है।

16 June 2025_Copy of Layout 1 6/16/2025 3:53 PM Page 5



# कैंची धाम स्थापना दिवस पर सवा लाख से अधिक भक्तों ने किए बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में नीब करौरी महाराज के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार श्रद्धा, भक्ति का संगम देखने को मिला। सुबह करीब तीन बजे से लेकर शाम तक करीब सवा लाख से अधिक भक्तों ने बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।




कैंची धाम आए भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करने पड़े इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन पूरी टीम के साथ सभी जगहों में मुस्तैदी से जुटा रहा। साथ ही विद्युत, पेयजल, शौचालय, साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया। जिससे बाबा के धाम पहुंचे भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। 'सुबह जिलाधिकारी वंदना सिंह शटल सेवा के माध्यम से कैंची धाम पहुंची, और सभी व्यवस्थाओ का जायजा लिया।' कैंची धाम स्थापना के अवसर पर आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत अपने परिवार के साथ बाबा के धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बाबा के दर्शन कर भक्तों को प्रसाद भी वितरण किया। हल्द्वानी, भीमताल, नैनीताल, सेनिटोरियम, भवाली, नैनीबैंड में पार्किंग और शटल सेवा होने से उक्त जगहों से बाबा के दर्शन को पहुंचे भक्तों को वाहनों के लिए भटकना नहीं पड़ा। जिससे दिन भर यातायात भी सुचारु रूप से चलता रहा।

देश के विभिन्न राज्यों से आए भक्तों द्वारा मेले की बेहतर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए प्रशासन का आभार व्यक्त किया। मेले को व्यवस्थित व सफलतापूर्वक संपन्न कराए जाने हेतु प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों में मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के साथ ही पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था मिलने के साथ ही आसानी से बाबा के दर्शन हो सके। कुमाऊं आईजी रिद्धिम अग्रवाल द्वारा स्वयं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा सहित अन्य जनपदों से आए पुलिस अधीक्षक व प्रशासन के अधिकारीयों द्वारा व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखे जाने हेतु दिए गए दाईत्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। अपर जिलाधिकारी एफ आर चौहान एवं विवेक राय द्वारा पूरे दिन मंदिर परिसर एवं बाहर की समस्त व्यवस्थाओं की लगातार मॉनिटरिंग की गई। मेले के दौरान नगर पालिका भवाली एवं जिला पंचायत नैनीताल द्वारा सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। जल सस्थान द्वारा विभिन्न स्थानों में पेयजल टैंक के माध्यम से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था श्रद्धांलुओं हेतु कराई गई।

## हरकी पैडी पर जाम छलकाने के 10 आरोपी दबोचे, पुलिस एक्ट में किया चालान

**हरिद्वार।** गंगा घाट हरकी पैडी में जाम छलकाने वाले दस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनका पुलिस एक्ट में चालान किया।

शनिवार को यहां रेंज स्तर से चलाए जा रहे ऑपरेशन लगाम के तहत प्रभारी चौकी के नेतृत्व में हरकी पैड़ी पुलिस ने मां गंगा जी के पवित्र घाट पर शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले निम्न कुल 10 व्यक्तियों को दबोचा। सभी आरोपियों के विरुद्ध 81 पुलिस एक्ट के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई कर संयोजन शुल्क वसूल किया गया तथा भविष्य के लिए चेतावनी दी गई है। पकडे गये लोगों ने अपने नाम चेतन पुत्र वीरेंद्र निवासी लाल कुआं बादलपुर जिला गाजियाबाद, दीपांशु पुत्र वीरेंद्र निवासी उपरोक्त, अक्षय कुमार पुत्र आजाद निवासी मुंडभर थाना भोरा कला मुजफ्फरनगर, परविंदर पुत्र रूपराम निवासी पीतपुर थाना लक्सर जनपद हरिद्वार, शुभम पुत्र गोनर निवासी शिवलोक कॉलोनी थाना रानीपुर, विकास पुत्र निरपाल निवासी हाथरस बताया।

## चमोली पुलिस का एक्शन जारी फर्जी सरकारी बोर्ड और काली फिल्म वाले वाहनों पर कार्यवाही

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जनपद में सुरक्षित यातायात और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा श्ऑपरेशन लगामश अभियान लगातार जारी है। इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों विशेषकर चारधाम यात्रा मार्ग पर सघन वाहन चेकिंग की जा रही है।

चौकी प्रभारी पीपलकोटी उ0नि0 लक्ष्मी प्रसाद बिल्जवाण द्वारा चेकिंग के दौरान एक निजी वाहन पर भारत सरकार का बोर्ड लगा हुआ पाया गया। जांच के लिए रोके जाने पर, वाहन चालक से बोर्ड लगाने से संबंधित वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन चालक कोई भी आवश्यक कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पुलिस ने तत्काल वाहन से फर्जी बोर्ड को उतरवाकर चालक के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की। अभियान के दौरान ही एक वाहन के शीशे पर काली फिल्म लगी लगी हुई पायी गयी। जो कि यातायात नियमों का गंभीर उल्लंघन है। पुलिस ने वाहन के शीशों से काली फिल्म उतरवाकर चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं में चालानी कार्यवाही करते हुए दोबारा ऐसा न करने की सख्त हिदायत दी। चमोली पुलिस द्वारा ऑपरेशन लगाम के तहत यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले, गलत तरीके से वाहनों का संचालन करने वाले और अवैध रूप से विशेष पहचान (जैसे फर्जी बोर्ड) का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## लालकुआं में शरबत वितरण एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बाबा नीब करोली महाराज की आध्यात्मिक स्थली कैंची धाम के स्थापना दिवस पर लालकुआं में भी भक्तों में गजब का उत्साह देखा गया, सुबह से ही शहर में बाबा नीब करोली महाराज की जय घोष गूंजता सुनाई दिया, प्रातः से दोपहर बाद तक वार्ड नंबर 2 के सामने मुख्य बाजार में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शरबत वितरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हजारों क्षेत्र वासियों एवं राहगीरों को शरबत का प्रसाद वितरित किया गया, इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, नंदन सिंह राणा, नरेश चौधरी, दिनेश लोहानी, मीना रावत, कृष्ण भट्ट, जगदीश अग्रवाल, गोविंद सिंह राणा, नगर पंचायत के सभासद धन सिंह बिष्ट, योगेश उपाध्याय, भुवन पांडे, सहित भारी संख्या में गणमान्य लोगों ने सहयोग किया। इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध व्यापारी समूह गुप्ता नमकीन भंडार द्वारा इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें राजमा चावल गुलाब जामुन और पानी की बोतल वितरित की गई, जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर बाबा नीब करोली महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया, इस दौरान गुप्ता परिवार के ज्ञानेंद्र गुप्ता, रवि गुप्ता, श्वेता गुप्ता, विनोद गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, पुष्पा गुप्ता, नगर पंचायत के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, रवि शंकर तिवारी, कांग्रेसी नेता भुवन पांडे, चिंटू सपरा समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



## बजरंग दल व विहिप द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रथम युवा खेल महोत्सव खेल मैदान में हुआ प्रारंभ

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** गौचर के ऐतिहासिक खेल मैदान में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय प्रथम युवा खेल महोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। रविवार को विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं व युवतियों में खेल महोत्सव को लेकर भारी उत्साह बना हुआ है।




शुभारंभ के इस मौके पर हुई बालिकाओं की 1600 मीटर मैराथन दौड़ में नौटी की 09 साल की नन्दीता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबकी वाह वाही लूटी, वहीं युवा वर्ग से सुमन चौधरी ने 4000 मीटर की मैराथन दौड़ में सबको पीछे छोड़ कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बजरंग दल व विहिप के जिला कर्णप्रयाग द्वारा गौचर के खेल मैदान में आयोजित प्रथम युवा खेल महोत्सव 2025 का शुभारंभ संस्था के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष चिन्तामणी सेमवाल, जिला अध्यक्ष प्रताप लूथरा, हरीश पंवार, जिला मंत्री व्यापार संघ द्वारा दीप प्रज्वलन एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष चिन्तामणी सेमवाल ने युवाओं से खेल मैदान में लौटकर राष्ट्र के वैभव के पुनर्जागरण में उनके योगदान का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष प्रताप लूथरा ने कहा कि इस तीन दिवसीय युवा खेल महोत्सव में कबड्डी, खोखो, बॉलीबॉल, फुटबाल, मैराथन, आदि प्रतियोगिता आयोजित होंगी। युवा खेल महोत्सव को लेकर युवा – युवतियों में भारी उत्साह है। कहा कि बॉलीवॉल में प्रथम पुरुस्कार की राशि 8100.00 रुपए रखी गई है। वहीं अन्य प्रतियोगिताओं में भी प्रथम पुरुस्कार के लिए 5100.00 रुपए एवं 3100 रुपए रखा गया है।

वीएचपी जिला अध्यक्ष प्रताप लूथरा ने बताया कि वर्तमान में युवा वर्ग मोबाइल और नशे की ओर चल रहा है। उसे सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है तथा युवावर्ग को खेल के माध्यम से स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण की भावना से परिचय कराना ही इस खेल महोत्सव का उद्देश्य है। विभिन सामाजिक संगठनों एवं व्यापारी बंधुओ के सहयोग के लिए लोगो का आभार व्यक्त करते हुए जिला संयोजक बजरंग दल शुभम बुटोला ने अयोजन को हर वर्ष करने का संकल्प लिया।

16 June 2025_Copy of Layout 1 6/16/2025 3:53 PM Page 6



# गूंजा शहीद सुर्जन सिंह का जयघोष, एन.एस.जी. कमांडरों की मौजूदगी में सुर्जन की प्रतिमा का किया अनावरण



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देश की आन–बान और शान के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद कमांडो सुर्जन सिंह की प्रतिमा अब उनके पैतृक गांव रानो के समीपवर्ती राजकीय इंटर कॉलेज गौचर के प्रांगण में अमर रहेगी। कीर्ति चक्र से सम्मानित इस जांबाज सपूत को श्रद्धांजलि देने के लिए शनिवार को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी गांव पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूत को सैल्यूट किया।

कार्यक्रम के दौरान पूरा कॉलेज परिसर "भारत माता की जय" और "शहीद सुर्जन सिंह अमर रहें" के नारों से गूंज उठा। श्रद्धांजलि समारोह में एन. एस. जी. के सहायक कमांडर सतपाल और गुमान सिंह ने कहा कि कमांडो सुर्जन सिंह जैसे वीर योद्धा देश की असली ताकत हैं, जो अपने प्राणों की परवाह किए बिना देश की सेवा में खुद को समर्पित कर देते हैं। कमांडो सुर्जन सिंह मूल रूप से गढ़वाल स्काउट्स में सेवारत थे, जिन्हें बाद में एन एस जी की 51 स्पेशल एक्शन ग्रुप में प्रतिनियुक्त किया गया।

उनका जन्म 3 जुलाई 1979 को ध्रुव सिंह व सुरेश देवी के घर हुआ था। देश सेवा का जज्बा लिए उन्होंने 30 दिसंबर 2001 को एन एस जी की 51 एस. ए. जी. में अपनी सेवाएं शुरू कीं। 2002 में अक्षरधाम स्वामीनारायण मंदिर, गांधीनगर, गुजरात में हुए आतंकवादी हमले के दौरान 'ऑपरेशन वज्र शक्ति' में उन्होंने शौर्य का ऐसा परिचय दिया कि दुश्मन थर्रा उठे। इसी ऑपरेशन के दौरान 25 सितंबर 2002 को आतंकियों की गोली लगने से कमांडो सुर्जन सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र, ग्रामीण और परिजन इस भावुक पल में शामिल हुए। श्रद्धांजलि सभा में हर आंख नम थी लेकिन गर्व से भरी हुई। गांव के लोगों ने गर्व से कहा कृ "हमें सुर्जन सिंह जैसा बेटा मिला, यह हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि कॉलेज के हर छात्र को अब सुर्जन सिंह के बलिदान की प्रेरणादायक गाथा से अवगत कराया जाएगा, ताकि उनके अद्वितीय साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहे।



## कुलसारी – नेल ढालू मोटर मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**चमोली।** रविवार दोपहर कुलसारी –नेल ढालू मोटर मार्ग पर ऑटो कार दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

थानाध्यक्ष थराली पंकज कुमार ने बताया रविवार दोपहर 1रू00 बजे के आसपास वाहन सख्या यन 11ज। 3880 अल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें सवार दर्शन राम पुत्र लूती राम निवासी ग्राम पास्तौली राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र थराली, उम्र 54 वर्ष तथा दिनेश जोशी पुत्र बलराम जोशी निवासी ग्राम नैल राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र थराली उम्र 60 वर्ष की मौत हो गई।

पुलिस द्वारा दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग लिए भेज दिया गया है।

# जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी यौन उत्पीड़न मामले में अगली सुनवाई सोमवार को

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नैनीताल हाईकोर्ट ने 19 वर्षीय जूडो प्रशिक्षु खिलाड़ी द्वारा मुरादाबाद निवासी कोच पर प्रशिक्षण के दौरान लगाए गए यौन उत्पीड़न के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई के लिए सोमवार की तिथि नियत की है।

मामले के अनुसार देहरादून निवासी जूडो प्रक्षिशु खिलाड़ी ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वह जूडो कराटे में नेशनल खिलाड़ी है। पिछले सात साल से वह देहरादून में एक कोच की देख रेख में प्रशिक्षण ले रही थी। 2024 में उसका चयन नेशनल खेलने के लिए भोपाल में हो रहे प्रशिक्षण के लिए हुए था। महिला कोच ने उन्हें प्रशिक्षण के लिये भोपाल जाने के बजाय मुरादाबाद के कोच के पास भेज दिया। मुरादाबाद का कोच, महिला कोच का भी प्रशिक्षक रहा है।

प्रशिक्षण के दौरान 12 मार्च 2025 को मुरादाबाद के कोच उसे अपने खेतों पर बने फार्म हाउस में ले गए। जहां उन्होंने फार्म हाउस के गेट बंद कर दिए। मसाज करने के नाम पर यौन उत्पीड़न किया। मना करने पर नेशनल में न खेलने देने व करियर खराब करने की धमकी दी। जब वह खेलने के लिए भोपाल गयी तो उसकी मानसिक स्थिती खराब थी। वह गेम से बाहर हो गयी।

# बारिश के चलते बंजारावाला में लोगों के घरों में हुआ जलभराव

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** तेज बारिश के चलते जहां एक ओर दूनवासियों को गर्मी से राहत मिली। वहीं दूसरी ओर धर्मपुर विधानसभा के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम की पहली बारिश ने लोगों को डरा दिया। प्रदेश के सबसे बड़े वार्ड 84 बंजारावाला में लोगों के घरों में पानी भर गया। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में पिछले साढ़े तीन साल से कुछ वार्डों में एडीबी द्वारा संचालित सीवर लाइन परियोजना का कार्य चल रहा है जो स्थानीय लोगों के लिए जी का जंजाल बन गया है। आये दिन लोगों को इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बंजारावाला क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं सीवरेज प्रणाली नेटवर्क का काम चल रहा है जिसकी अनुमानित लागत 150.39 करोड़ रुपए है। जिसमें 59.85किमी सीवर लाइन



जलभराव का दृश्य।

नेटवर्क,49.46किमी पानी की सप्लाई का नेटवर्क, जिसमें निःशुल्क घरेलू पेयजल व सीवरेज संयोजन, सड़क/नाली निर्माण का कार्य किया जाना है।17 दिसम्बर 2021 से यह कार्य प्रारंभ हुआ और 16 जून2025 तक इस काम को पंजीकृत ठेकेदार को पूरा करना था।

धीमीगत से चल रहे इस कार्य का अभी तक आधा काम भी पूरा नहीं कर पाई। निर्माण फर्म मैसर्स विष्णु प्रकाश आर.पुंगलिया लिमिटेड कार्य प्रारंभ होने से ही सवालों के घेरे में है।

# बदरीनाथ धाम के समीप माणा स्थित भगवान घंटाकर्ण मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

**बदरीनाथ (नजरिया खबर ब्यूरो)।** बदरीविशाल के क्षेत्र रक्षक घंटाकर्ण महावीर माणा घन्याल मंदिर के कपाट पूर्वाह्न 11बजे आषाढ माह कृष्ण पक्ष चतुर्थी तिथि के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए दर्शनार्थ खुल गये है। इसी के साथ ही श्री घंटाकर्ण महावीर की तीन दिवसीय जैठ पुजै भी शुरू हो गयी। कपाट खुलने की प्रक्रिया प्रातरू नौ बजे से शुरू हो गयी थी सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा मंदिर के कपाट खुले उसके पश्चात देवी देवताओं श्री गणेश जी की पूजा–अर्चना के बाद पुराने मंदिर से समारोह पूर्वक भगवान श्री घंटाकर्ण



माणा स्थित घंटाकर्ण देवता मंदिर।

जी की प्रतिमा को को समारोह पूर्वक माणा गांव स्थित मंदिर में विराजमान किया गया। इसी के साथ बदरीनाथ धाम के समीप स्थित देश के प्रथम गांव माणा स्थिति भगवान श्री घंटाकर्ण मंदिर के कपाट इस यात्रा वर्ष हेतु खुल गये। इस अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था तथा महिला मंगल दल द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया तथा परंपरागत नृत्य का आयोजन हुआ। प्रसाद वितरण पश्चात भंडारा भी आयोजित हुआ। इस अवसर ग्राम पंचायत प्रधान पीताम्बर मोल्फा, श्री घंटाकर्ण जी के पश्वा आशीष कनखोली, पूजा समिति अध्यक्ष जगदीश रावत,उपाध्यक्ष गुमान सिंह बड़वाल, सरपंच रघुवीर सिंह परमार, मोहन सिंह मोल्फा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बड़वाल, पश्वा गण क्रमश कुंदन सिंह टकोला,भगत सिंह टकोला, जगवीर परमार, केसर सिंह रावत, बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं तीर्थयात्री मौजूद रहे। आज शाम को भगवान घंटाकर्ण जी की दौड़्या पूजा के बाद संध्या भजन शुरू हो गयी है। सोमवार को भी विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मंगलवार 17 जून को जैठ पुजे के समापन अवसर पर ग्रामीण खेल–कूद प्रतियोगिता सॉंस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध लोकगायक दरवान नैथवाल के गीतों की प्रस्तुति के बाद मुख्य अतिथि बदरीनाथ विधायक लखपत बुटोला कार्यक्रम का समापन करेंगे तथा पुरस्कार वितरण करेंगे।

# एलेन देहरादून के सारांश मित्तल बने नीट-2025 में उत्तराखंड स्टेट टॉपर, एलेन के सारांश ने ऑल इंडिया रैंक-69 हासिल की

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** एलेन देहरादून के छात्र सारांश मित्तल ने एक बार फिर संस्थान का नाम रोशन किया। उन्होंने नीट–2025 में ऑल इंडिया रैंक 69 हासिल कर उत्तराखंड टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। यह एलेन के लिए गर्व का क्षण रहा जब उनके एक छात्र ने टॉप 100 में जगह बनाई और दो छात्रों ने टॉप 500 में स्थान प्राप्त किया। इस संबंध में एलेन के राजपुर रोड कैंपस में शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इन टॉपर्स और उनके परिवारों ने मीडिया से बातचीत की।



नीट के मेधावी।

इस मौके पर संस्थान के सेंटर हेड विनय माकिन ने बताया कि नीट–2025 की परीक्षा में एलेन के सारांश मित्तल ने कुल 720 में से 652 अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही उन्होंने जेई मेंस में 99.15 परसेंटाइल और जेई एडवांस्ड में ऑल इंडिया रैंक 4585 हासिल की थी। 12वीं (आईएससी बोर्ड) की परीक्षा में उन्होंने 92.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सारांश का सपना एम्स से एमबीबीएस करना है। उन्होंने बताया कि एलेन देहरादून के कई छात्रों ने नीट–2025 में टॉप 3000 रैंक में स्थान प्राप्त किया है। सेंटर हेड विनय माकिन ने ये भी बताया कि ये छात्र न केवल अनुशासित और आज्ञाकारी हैं, बल्कि उन्होंने हर निर्देश का पूरी निष्ठा से पालन किया है। ये छात्र गहराई से समझने वाले हैं और रट्टा मारने में विश्वास नहीं करते। यही विशेषताएं उनकी सफलता की कुंजी बनीं। उन्होंने इन छात्रों के अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी, जिनके सतत प्रयासों से यह बेहतरीन परिणाम संभव हो सका।

साथ ही अभिभावकों ने भी एलेन का धन्यवाद दिया। इस मौके पर एलेन के छात्रों और अभिभाषकों के साथ केक कटिंग कर सेलिब्रेशन किया गया। टॉपर्स को फूल मालाओं से सम्मानित कर बधाई दी गई।

गौरतलब है कि नीट–2025 की परीक्षा इस वर्ष 4 मई को सीबीएसई द्वारा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा एमबीबीएस और बीडीएस कोर्सेज़ में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होती है। इस वर्ष कुल 22.8 लाख पंजीकृत छात्रों में से लगभग 20.8 लाख छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। एलेन के टॉपर्स की सूची में अनुष्का राणा (ऑल इंडिया रैंक–304), इक्षित कोहली (ऑल इंडिया रैंक–2462), अदीबा नदीम (ऑल इंडिया रैंक–2582), तुषार कुमार (ऑल इंडिया रैंक–3133), अर्श गुसाईं (आलइंडिया रैंक–4065), रमाकांत पाठक (ऑल इंडिया रैंक–8185), जय अरोड़ा–(ऑल इंडिया रैंक 22242), कृष्ण प्रताप (ऑल इंडिया रैंक 29193), सुजल भट्ट–(ऑल इंडिया रैंक 35646), मायरा जायसवाल–(ऑल इंडिया रैंक 46161), हुजैफा–(ऑल इंडिया रैंक 52379), जुनैद अंसारी–(ऑल इंडिया रैंक 52541)

## देहरादून समेत कई क्षेत्रों में बारिश से तापमान में गिरावट

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में रविवार सुबह तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। ठंडी हवाओं के साथ तेज बारिश से तापमान में गिरावट आई है। देहरादून में रविवार सुबह तेज बारिश हुई और जिससे सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। देहरादून के शहरी इलाके में भी काफी तेज बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव दिखाई दिया।

हालांकि मौसम में बदलाव की यही स्थिति मसूरी में भी रही। लेकिन यहां तेज बारिश सुबह के समय नहीं हुई। देहरादून से लगे हुए टिहरी जिले में रविवार की सुबह मौसम कुछ बदलाव हुआ तो दिखा, लेकिन यहां भी बारिश रिकॉर्ड नहीं की गई है। देखा जाए तो कुछ एक जिलों में ही भारी बारिश दिखाई दी है। मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि रविवार से मौसम में बदलाव आ सकता है और अगले एक हफ्ते तक देहरादून समेत कुछ जिलों में बारिश देखने को मिल सकती है।

# कक्षा एक में प्रवेश लेने वाले बच्चों की आयु सीमा में तीन महीने की राहत, आदेश जारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड सरकार ने एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र में बच्चों के प्रवेश सीमा में छूट देने का निर्णय लिया है।

कक्षा एक में एडमिशन लेने वाले बच्चों की आयु 6 साल पूरा होना अनिवार्य है, लेकिन ऐसे देखा गया है कि तमाम बच्चे एक अप्रैल को 6 वर्ष की आयु पूरी नहीं कर पा रहे है, जिसके चलते उनके एडमिशन में दिक्कतें आ रही थी। ऐसे में उत्तराखंड सरकार ने निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 में संशोधन कर दिया है। जिस संबंध में उत्तराखंड शासन ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। उत्तराखंड शासन की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में अब कक्षा एक में बच्चे के प्रवेश के लिए छह साल की आयु पूरी होने की अनिवार्यता नहीं रहेगी। यानी जो बच्चा नए शैक्षिक सत्र एक अप्रैल के बजाय एक जुलाई तक छह साल की उम्र पूरी कर लेता है तो उसे कक्षा एक में प्रवेश मिल जाएगा। इस अधिसूचना के जरिए बच्चों को तीन महीने की राहत दी गई है।

उत्तराखंड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली में संशोधन के बाद वर्तमान शैक्षिक सत्र 2025–26 से ही लागू हो गई है। अभी तक स्कूलों में क्लास एक में एडमिशन लेने वाले बच्चों की उम्र शैक्षिक सत्र की शुरुआत यानी एक अप्रैल तक छह साल पूरा होने की बाध्यता के चलते प्रवेश नहीं ले पा रहे थे।

# वैश्य महासम्मेलन ने आयोजित किया रक्तदान शिविर, 62 यूनिट रक्त एकत्र

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर 60 गांधी रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में एवं सेलाकुई जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 62 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद नरेश बंसलव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधु तोमर चौहान रही।



रक्तदान करते रक्तदाता।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेश बंसल ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के 12वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देशव्यापी रक्तदान शिविरों का आयोजन 14 जून (विश्व रक्तदान दिवस) से 06 जुलाई तक मनाया जाएगा। पूरे भारत में 100000 लाख यूनिट एकत्र की जाएगी अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन परिवार सभी जनमानस से आग्रह करता है कि आइए, सब मिलकर मानव सेवा के इस सुंदर कार्य में हाथ बटाएं। एक यूनिट रक्त दान करने से तीन जिंदगी बचाई जा सकती है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल गोयल ने कहा 14 जून को प्रतिवर्ष विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन स्वैच्छिक और अवैतनिक रक्तदाताओं को समर्पित होता है जो अपने रक्तदान के माध्यम से अनगिनत जीवन बचाते हैं। यह न केवल आभार व्यक्त करने का अवसर है, बल्कि सुरक्षित और नियमित रक्तदान की निरंतर आवश्यकता को उजागर करने का भी समय है।

# पतंजलि वेलनेस सेंटर में योग पर आधारित विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के देहरादून कार्यालय द्वारा आज हरिद्वार स्थित पतंजलि वेलनेस सेंटर में योग पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योगगुरु स्वामी रामदेव जी महाराज के सान्निध्य में योग अभ्यास से हुई। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों और आगंतुकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग के वैज्ञानिक, मानसिक, और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।



योगाभ्यास करते साधक।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। स्वामी रामदेव ने योग को भारत की ऋषि परंपरा की अनुपम देन बताते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आगामी 21 जून, जो कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है, को पूरे उत्साह के साथ मनाएं और बड़ी संख्या में योगाभ्यास में भाग लें। उन्होंने योग जागरूकता को बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व देशभर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जन–जागरूकता के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों को योग के प्रति प्रेरित करना है ताकि वे अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें तथा एक स्वस्थ और समर्थ भारत के निर्माण में योगदान दे सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत हरिद्वार की पंजीकृत सांस्कृतिक संस्था श्रीमान्त शांति खिलेराम सांस्कृतिक कला विकास समितिश द्वारा योग पर आधारित रागिनी की प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

# भय, भूख व भ्रष्टाचार को खत्म करने को तत्पर सफाई मजदूर संघ

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** नगर निगम देहरादून के सभागार में सफाई मजदूर स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेश बंसल, राज्यसभा सांसद, आरती भंडारी महापौर नगर निगम श्रीनगर, यूनियन के संस्थापक राजपाल महरोलियाँ, भाजपा वरिष्ठ नेता कंचन घुन्सोला, चौधरी सुनील राजोर यूनियन अध्यक्ष उत्तराखंड ने द्वीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभ आरंभ किया।



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व सम्मानित किए गए लोग।

क्लासिकल डांस एकेडमी के बच्चों ने स्वागत नृत्य से सभी का मन मोहते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की प्रस्तावना पर अपने विचार रखते हुए, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विशाल बिरला ने अवगत कराया की आज संघ अपनी स्थापना के 25 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए, लगभग 22 राज्यों में अपना विस्तार कर चुका है, हमारी यूनियन देश के सफाई कामगारों, घरेलू सेवकों, मैनुअल स्केवेन्जर व उनके आश्रितों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयास रत है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निकायों के सफाई मजदूरों को दैनिक वेतन 500 रुपये प्रतिदिन, पाँच लाख का सामूहिक बीमा, 859 पदों को वन टाइम सेटलमेंट की शोषण कारी व्यवस्था से बाहर कर उनके आश्रितों को मृतक अनुकंपा पर नियुक्ति के अवसर खोलना, कोरोना व सीवर मे मृत हुए कार्मिकों के आश्रितों को दस–दस लाख का मुआवजा देना, समस्त स्थायी कर्मियों को गोल्डन कार्ड का फायदा व अन्य सफाई कर्मियों को कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवाना, गृह सेवकों के ई–श्रम कार्ड देकर 2 लाख का बीमा देना एंव दस वर्षा की सेवा पूरी कर चुके संविदा कार्मिकों की नियुक्ति की घोषणा करना, आदि अनेकों कार्य के लिए अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ उनका व भाजपा सरकार का बहुत बहुत आभार धन्यवाद प्रकट करता है। मुख्य अतिथि सांसद नरेश बंसल ने यूनियन की 25वीं रजत जयंती की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। आरती भंडारी महापौर नगर निगम श्रीनगर ने यूनियन की वर्षगांठ की बधाई दी एंव श्रीनगर में मुख्य स्थान पर भगवान् वाल्मीकि चौक के निर्माण के विषय एंव सफाई कर्मियों की कालोनी के निर्माण व अन्य उठाये जाने कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी। भगवत प्रसाद मकवाना दायित्वधारी राज्यमंत्री ने भी संघ के संस्थापक राजपाल, उत्तराखंड अध्यक्ष व विशाल बिरला का शाल पहनाकर सम्मान किया व 25 वीं रजत जयंती की बधाई देते हुए, अपने प्रेरणादायक संबोधन में यूनियनस को कर्मी हक में कार्य करने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि सुमित सिंघल के उर्जावान व प्रेरणादायी संबोधन ने देश से आये समस्त प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन किया व रजत जयंती पर शुभकामनाएं प्रेषित किया। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी सुनील राजोर ने आये हुए सभी विशिष्ट अतिथियों व मुख्य अतिथि जी का भव्य स्वागत कर, उनके सहयोग व दिये गए कीमती वक्त के प्रति कृतज्ञता व आभार प्रकट किया।

अनेकों वक्ताओं ने कर्मचारी व उनके प्रतिनिधियों का मनोबल बढ़ाते हुए, आये हुए समस्त शाखा अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश कमेटी व राष्ट्रीय प्रतिनिधियों का प्रतिक चिन्ह, पगड़ी माला, पटके आदि से स्वागत अभिनंदन किया।

## हमला कर मगरमच्छ ने चबा डाला बुजुर्ग ग्रामीण का हाथ, पूरे गांव में दहशत

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** शनिवार सुबह लक्सर तहसील क्षेत्र के डूंगरपुर गांव में एक मगरमच्छ ने बुजुर्ग ग्रामीण पर हमला कर उसका हाथ चबा डाला।

जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस की मदद से ग्रामीण को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा हैं। इस हादसे के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहोल है। ग्रामीण ईश्वर चंद और जोगिंद्र ने बताया कि उनके गांव में रहने वाले सुरेश का घर तालाब के पास स्थित है। शनिवार सुबह वो किसी काम से तालाब के पास पहुंचे, तभी तालाब से निकले एक मगरमच्छ ने उन पर हमला कर दिया। मगरमच्छ ने सुरेश का हाथ अपने जबड़े में दबा लिया, लेकिन हिम्मत करके जैसे तैसे सुरेश ने मगरमच्छ से हाथ छुड़ाया। चीख पुकार सुनकर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे तो मगरमच्छ फिर से तालाब में भाग गया। मगरमच्छ के हमले में ग्रामीण के हाथ की खाल तक उतर गई और नसें कट गई हैं। जिसके बाद एम्बुलेंस बुलाकर बुजुर्ग को इलाज के लिए हरिद्वार जिला अस्पताल भेजा गया।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी उनके गांव में मगरमच्छ पकड़े जा चुके हैं। इस बार भी तालाब में मगरमच्छ इकट्ठा हो गए हैं, लिहाजा वो प्रशासन से मांग करते हैं कि तालाब कि सफाई कराई जाए और मगरमच्छ को पकड़कर कहीं दूर छोड़ा जाए।

## कार से जानलेवा करतब दिखाने वाले पांच युवक चढ़े पुलिस के हत्थे

**श्रीनगर।** ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित तोता घाटी के पास अपनी कार में जानलेवा करतब दिखा रहे राजस्थान के पांच युवकों को देवप्रयाग पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने युवकों की सारी हुड़दंगी निकाल दी।

युवक रात के समय चलती कार की खिड़कियों से बाहर निकलकर खतरनाक स्टंट कर रहे थे, जिससे न केवल उनकी जान को खतरा था बल्कि अन्य यात्रियों के लिए भी दुर्घटना का जोखिम पैदा हो रहा था। ये सभी युवक राजस्थान से चोपता जाने के लिए निकले थे। युवकों की पहचान राजस्थान निवासी नितिन, प्रकाश, हिमांशु, बजरंग, और भजनलाल के रूप में हुई है।

## बारिश से ग्लेशियर टूटने का बढ़ा खतरा, सुरक्षा बल तैनात

**रूद्रप्रयाग (नजरिया खबर ब्यूरो)।** केदारनाथ पैदल मार्ग के ग्लेशियर प्वाइंट पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सुरक्षा बल तैनात किए हैं। बारिश के कारण कुबेर और भैरव ग्लेशियर में खतरा बढ़ गया है। यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है और सुरक्षा बल उनकी मदद कर रहे हैं। अधिकारीयों ने सुरक्षा को लेकर जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं।



तैनात सुरक्षा बल।

केदारनाथ क्षेत्र में ग्लेशियर प्वाइंट में यात्रियों की आवाजाही के दौरान सुरक्षा को देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी ग्लेशियर प्वाइंट पर सुरक्षा बल तैनात कर दिए हैं। जो यात्रियों को यहां पर सुरक्षित आवाजाही करवा रहे हैं। केदारनाथ पैदल मार्ग में कुबेर ग्लेशियर, भैरव ग्लेशियर में अक्सर वर्षा के दौरान ग्लेशियर गिरने का खतरा बना रहता है।केदारनाथ में पिछले कई दिनों से वर्षा हो रही है। जिससे ग्लेशियर प्वाइंट पर भूस्खलन व ग्लेशियर टूटने का खतरा बना हुआ है। जिसको देखते हुए प्रशासन ने ग्लेशियर प्वाइंट में पुलिस, वाइएमएफ और एसडीआरएफ के जवान तैनात कर दिए हैं, जो यात्रियों की मदद कर रहे हैं। साथ ही ग्लेशियर प्वाइंट पर यात्रियों को सर्तक होकर आवाजाही करने को कहा जा रहा है।जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया यात्रियों को ग्लेशियर प्वाइंट पर सावधानी से आवाजाही करने को कहा जा रहा है। साथ ही यहां तैनात जवानों को भी यात्रियों की सुरक्षा में लगातार मुस्तैद रहने को कहा गया है। कुबेर व भैरव ग्लेशियर में बारिश में खतरा रहता हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### खत बिशलाड़ जनजाति कर्मचारी संगठन की बैठक संपन्न



**देहरादून।** खत बिशलाड़ जनजाति कर्मचारी संगठन की बैठक पीएमश्री इण्टर कालेज क्वांसी में सम्पन्न हुई, जिसमें अनेक बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर सर्वसहमति से अनेक निर्णय लिए गए। खत विशलाड के छात्र/छात्रा जो पी एम श्री इण्टर कालेज से बोर्ड परिक्षाओं में टापर रहेंगे,के बालक/बालिका को प्रोत्साहन स्वरूप राशि दी जाएगी। यह प्रोत्साहन राशि विशेष कार्यक्रम में दी जाएगी।हर वर्ष कोई न कोई कार्यक्रम निर्धारित रहेगा। जैसे कैरियर काउंसलिंग, चिकित्सा शिविर व कर्मचारी सम्मेलन का बड़े अस्तर पर आयोजन होगा। सामान्य ज्ञान, क्वीज प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आयोजित होंगी। कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर हुकम संह राणा खारसी, उपाध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा थणता, सचिव अर्जुन दत्त शर्मा थणता, सह सचिव प्रवीण चौहान, सणोऊ कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान जोगियो एवं रमेश चंद शर्मा थणता, संरक्षक मंडल में विरेन्द्र दत्त जोशी जोगियो, जवाहर सिंह पंवार खारसी, नरेंद्र सिंह चौहान जोगियो, मीडिया प्रभारी अनिल दत्त शर्मा थणता, लेखा निरीक्षक में केशवराम शर्मा, मायाराम शर्मा व मोहनलाल वर्मा को नियुक्त किया गया।

### पैराफिट से टकराई तेज रफ्तार कार, बड़ा हादसा टला

**खटीमा।** चंपावत जिले के लोहाघाट तहसील क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पैराफिट से टकरा गई। हादसे के दौरान कार इतनी स्पीड में थी कि कार के आगे के दोनों टायर टूट कर अलग हो गए। वहीं, कार पैराफिट में लटकने की वजह से खाई में गिरने से बच गई, जिससे बड़ा हादसा होते–होते टल गया। मिली जानकारी के मुताबिक, लोहाघाट–घाट राष्ट्रीय राजमार्ग पर लीसा डिपो के पास एक बड़ा हादसा होने से बाल–बाल बच गया, जब तेज स्पीड से पिथौरागढ़ की ओर जा रही कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पैराफिट से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि आगे के टायर टूट कर कार से अलग हो गए। इस दुर्घटना में कार सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। बाराकोट पुलिस स्टेशन प्रभारी हरीश प्रसाद ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया दुर्घटना में कार सवारों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, स्थानीय निवासी सैंडी बोहरा ने बताया टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे के दोनों टायर टूट कर अलग हो गए। जबकि, कार के एयरबैग खुलने से कार सवारों की जान बच गई।



स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19